**समाचार**

**प्रधानमंत्री आवास योजना**

# आज 68 हितग्राहियों को आवासगृहों का हुआ आबंटन

## (दादर में नवनिर्मित आवासगृहों में से अब तक 717 हितग्राहियों को किया गया आवासगृहों का आबंटन, हितग्राहियों को मिले पक्के मकान)




कोरबा 03 जुलाई 2025 – प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्मित आवासगृहों की आबंटन समिति के अध्यक्ष व कलेक्टर श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन एवं निगम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय के दिशा निर्देशन में आज निगम कार्यालय साकेत मे 68 आवासगृहों का आबंटन पात्र हितग्राहियों को किया गया, योजना के अंतर्गत दादरखुर्द में नवनिर्मित आवासगृहों में से अब तक 717 हितग्राहियों को आवासगृह आबंटित कर उन्हें पक्के मकान आबंटित कराए जा चुके हैं।

यहॉ उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की महत्वपूर्ण योजना प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा दादरखुर्द के समीप 2784 आवासगृहों (फ्लेट) का निर्माण कराया गया है, जहॉ पर पानी, बिजली, सड़क सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं बनाई गई हैं, उक्त आवासगृह फ्लेट के रूप में बनाए गए हैं तथा भू–तल, प्रथम तल, द्वितीय तल एवं तृतीय तल में आवासगृह स्थित है। उक्त आवासीय कालोनी में पूर्व में 649 आवासगृहों का आबंटन किया जा चुका था, आज पुनः नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभाकक्ष में लाटरी पद्धति से 68 पात्र हितग्राहियों को आवासगृहों का

आबंटन किया गया, इस प्रकार दादरखुर्द में अब तक कुल 717 हितग्राहियों को आवासगृह आबंटित कर उन्हें पक्के मकान की सुविधा उपलब्ध कराई जा चुकी है। आवासगृहों के आबंटन के दौरान निगम के अधीक्षण अभियंता व नोडल अधिकारी सुरेश बरूआ, लेखाधिकारी भवकांत नायक, सहायक अभियंता व सहायक नोडल अधिकारी विवेक रिछारिया, सीएलटीसी हर्ष छत्रवाणी व धवल शर्मा, पीएमसी सतीश शर्मा, शिव कर्ष आदि के साथ हितग्राहीगण उपस्थित थे।